## विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 31.05.2018 को आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–

विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 31.05.2018 को आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रबंध निदेशक, बुडको, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद तथा विभागीय पदाधिकारी/अभियंता उपस्थित हुए। बैठक के क्रम में निम्नवत निर्देश दिये गये :–

- **हर घर नल जल :–**

  हर घर नल जल योजना के समीक्षा के क्रम में इसके रखरखाव के संबंध में पृच्छा किये जाने पर प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा बताया गया कि योजनाओं के संवेदक द्वारा 5 वर्षीय रखरखाव का कार्य संबंधित सवेदक ही करेंगे। निर्देश दिया गया कि जलापूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन एजेंसी (बिहार राज्य जल पर्षद, बुडको एवं नगर निकाय), योजनाओं में आने वाली छोटी–छोटी त्रुटियों के निवारण हेतु हेल्पलाईन नं० जारी करें और विज्ञापित करें ताकि आम जनता समस्या आने पर सूचना दे सके। ये संस्थाएं नगर निकाय के स्तर पर भी, चूँकि योजनाओं में O&M या रखरखाव संवेदक के पास ही है, अतः संवेदक अपना–अपना कार्यालय और उसमें प्लम्बर आदि की सेवा हमेशा उपलब्ध रखें। सरकार की इस योजना की satisfaction level के ऊपर रखने के लिए यह आवश्यक है कि यह व्यवस्था efficiently आदि रहे।

- **DAY-NULM :–**

  DAY-NULM के SUSV घटक के अन्तर्गत Vending Plan के संबंध में निर्देश दिया कि सर्वप्रथम पटना के कुछ वार्डो का Vending Plan तैयार कर कार्यान्वित कराया जाय ताकि जनता को इसका लाभ दिखने लगे। विमर्श के दौरान यह निर्णय हुआ कि सर्वप्रथम इसे कदमकुआँ, भट्टाचार्या रोड, नालाा रोड आदि क्षेत्र में लागू किया जाय। प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद को इसके लिए नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्णय लिया गया। PMC-NULM, Vending Plan बनाना सुनिश्चित करें। धीरे–धीरे पटना के सभी वार्डों के लिए Vending Plan कार्यान्वित कराया जाय और साथ ही अन्य बड़े शहरों में भी Vending Plan तैयार कर जिला पदाधिकारियों के सहयोग से लागू कराया जाय।

- **Smart City Mission :–**

  बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यान्वयन के timeline के संबंध में अवगत कराया गया, जो निम्नवत है :–

**Bhagalpur Smart City Limited**

| Sl | Project/Component | Time Line |
|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation of open Space (Sandish Compound | RFP by 25.06.2018 |
| 2 | Smart Road | RFP by 20.06.2018 |
| 3 | Construction of Command & Control Building | RFP by 30.06.2018 |
| 4 | Construction of Town Hall | RFP by 01.07.2018 |
| 5 | Heritage Conservation and Heritage Walk | RFP by 30.06.2018 |
| 6 | Riverfront Development | RFP by 15.07.2018 |
| 7 | Smart Class Rooms | RFP by 01.07.2018 |
| 8 | Rehabilitation of Kala Kendra and Sharda Academy | RFP by 01.07.2018 |

**Patna Smart City Limited**

| Sl | Project/Comonent | Time Line |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | E Toilet | DPR by 10.06.2018 |
| 2 | Development of Mandiri Nala | DPR by 30.06.2018 |
| 3 | Rejuvenation of Veer Chand Patel Path | DPR by 10.06.2018 |
| 4 | Smart Road Network | FR by 15.06.2018 |
| 5 | Foot Overbridge | FR by 15.06.2018 |
| 6 | Adalatganj Lake Area Development | DPR by 05.06.2018 |
| 7 | Integrated Command and Control Centre | Revised RFP by 10.06.2018 |
| 8 | Smart Solution for water Supply | DPR by 08.06.2018 |

निर्देश दिया गया कि राज्य के चारों स्मार्ट सिटीज के संबंध में केन्द्रांश की शेष धनराशि अतिशीघ्र जारी करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया जाय एवं मिशन के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाय।

- <u>नमामि गंगे परियोजना</u> :–

  नमामि गंगे परियोजना सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि पटना के नवनिर्मित घाटों के रखरखाव हेतु O&M कार्य शीघ्र किया जाय।

- **Urbanization** :–

  निदेश दिया गया कि पटना मास्टर प्लान, 2031 के तहत् Planned Development को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से Township Development के लिए Reputed and Experienced Developers से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाय, जिसमें सरकार के स्तर से दिये जाने वाली सुविधाओं का उल्लेख रहे।

- **AMRUT योजना** :–

  AMRUT योजनांतर्गत कार्यान्वित योजनाओं यथा ड्रेनेज योजना, जलापूर्ति योजना, पार्क निर्माण आदि कार्य का नियमित अनुश्रवण करते ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

- **पटना मेट्रो परियोजना** :–

  पटना मेट्रो परियोजना के संबंध में निदेशित किया गया कि RITES के माध्यम से अतिशीघ्र डी०पी०आर० revised कराकर केन्द्र सरकार को भेजा जाय। यदि कुछ minor फेरबदल करने की आवश्यकता हो तो यह बाद में भी किया जा सकता है। पटना मेट्रो SPV कंपनी बनाने का प्रस्ताव भी शीघ्र उपस्थापित किया जाय।

(दीपक कुमार),
मुख्य सचिव, बिहार
(तत्कालीन विकास आयुक्त,
बिहार)

ज्ञापांक–2ब०/मु०श०ना०ग०यो०–30–01/2016(अंश–1) 3179 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक 07/6/18

**प्रतिलिपिः**– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

7/6/18
**सरकार के उप सचिव।**

ज्ञापांक–2ब०/मु०श०ना०ग०यो०–30–01/2016(अंश–1) 3179 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक 07/06/18

**प्रतिलिपिः**– प्रबंध निदेशक, बुडको/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/6/18
**सरकार के उप सचिव।**

ज्ञापांक–2ब०/मु०श०ना०ग०यो०–30–01/2016(अंश–1) 3179 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक 07/06/18

**प्रतिलिपिः**– सभी विभागीय पदाधिकारी/अभियंत्रण कोषांग/ माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/Team Leader, SPMG/Team Leader, PMC-NULM/विभागीय आई०टी० प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/6/18
**सरकार के उप सचिव।**